## आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

**19.05 शनिवार** **दिनांक 30.03.2024**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

1– बस्तर लोकसभा सीट के लिए नाम वापसी के बाद कुल ग्यारह उम्मीदवार चुनाव मैदान में।

2– भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश में बूथ विजय संकल्प अभियान की शुरूआत की।

3– कांग्रेस ने छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए चालीस स्टार प्रचारकों की सूची जारी की।

4– बस्तर जिले में सीआरपीएफ का वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने से ग्यारह जवान घायल–सभी जवानों की हालत खतरे से बाहर।

### लोकसभा चुनाव–नामांकन

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत बस्तर लोकसभा सीट के लिए नाम वापसी के अंतिम दिन आज किसी भी अभ्यर्थी ने नाम वापस नहीं लिया। इस तरह इस सीट पर ग्यारह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। इनमें कांग्रेस से कवासी लखमा, भाजपा से महेश कश्यप के अलावा अन्य नौ उम्मीदवार भी शामिल हैं। आज इन सभी उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए। नामांकन पत्रों की जांच के दौरान भारतीय साक्षर पार्टी के प्रत्याशी राजाराम नाग का नामांकन पत्र निरस्त कर दिया गया था। इस सीट के लिए उन्नीस अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, महासमुंद, कांकेर और राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र में दूसरे चरण के तहत नामांकन दाखिले की प्रक्रिया जारी है। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि चार अप्रैल है। पांच अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। उम्मीदवार आठ अप्रैल तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। दूसरे चरण में छब्बीस अप्रैल को मतदान होगा।

### भाजपा–बूथ विजय संकल्प अभियान

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने आज रायपुर में ''बूथ विजय संकल्प अभियान'' की शुरुआत की। इस मौके के भाजपा जिला अध्यक्ष जयंती पटेल, पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल, भाजपा प्रवक्ता अमित साहू, सहित वरिष्ठ भाजपा नेता और कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अभियान के पहले दिन आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रायपुर जिले के कांदुल, उपमुख्यमंत्री अरुण साव माना और प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव फाफाडीह में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। पार्टी के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव ने बताया कि इस अभियान के तहत भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता एक–एक बूथ में जाकर विजय स्वरूप झंडा लगाएंगे।

### भाजपा/कांग्रेस/बसपा

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान जोरों पर है। इसी कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज कोंडागांव में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। उन्होंने पार्टी प्रत्याशी महेश कश्यप के समर्थन में प्रचार किया। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव, मंत्री केदार कश्यप, विधायक लता उसेंडी सहित पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज दुर्ग लोकसभा क्षेत्र में कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी छत्तीसगढ़ और देश के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर चुनावी समर में उतर रही है। उन्होंने कहा कि आज संविधान और लोकतंत्र खतरे में है। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के खाते सीज कर दिए गए हैं। विपक्षी दलों पर ईडी और आईटी लगातार कार्रवाई कर रही है। इस बीच, जांजगीर–चांपा जिले में बहुजन समाज पार्टी का लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन हुआ। इसमें केंद्रीय समन्वयक और प्रदेश प्रभारी नर्मदा प्रसाद अहिरवार तथा मनीष आनंद, प्रदेश अध्यक्ष श्याम टंडन ने बसपा प्रत्याशी डॉक्टर रोहित डहरिया के समर्थन में प्रचार किया। इस दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति भी बनाई गई।

### कांग्रेस/भाजपा

कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत छत्तीसगढ़ के लिए चालीस स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इनमें पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी और राहुल गांधी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व उप मुख्यमंत्री टी.एस. सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत सहित अन्य नेताओं के नाम शामिल हैं। वहीं, कांग्रेस ने बस्तर लोकसभा चुनाव के संचालन के लिए लोकसभा स्तरीय संचालन समिति बनाई है। इसके संयोजक पूर्व विधायक लखेश्वर बघेल होंगे। वहीं, इस समिति में पच्चीस अन्य सदस्य भी शामिल हैं। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने लोकसभा चुनाव के लिए समन्वयक और सह–समन्वयकों की नियुक्ति की है। सांसद सुनील सोनी को रायपुर लोकसभा का समन्वयक बनाया गया है। वहीं, पुन्नीलाल मोहले को बिलासपुर, अशोक शर्मा को राजनांदगांव, रमशीला साहू को

दुर्ग, चंद्रशेखर साहू और चुन्नीलाल साहू को महासमुंद, दिनेश कश्यप को बस्तर, रेणुका सिंह और ननकीराम कंवर को कोरबा, गुहाराज अजगले को जांजगीर–चांपा और राजा रणविजय सिंह को रायगढ़ लोकसभा क्षेत्र का समन्वयक बनाया गया है।

**भोजराज नाग–कांग्रेस ज्ञापन**

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग के खिलाफ आचार संहिता का उल्लंघन करने की शिकायत कांग्रेस के विधि विभाग ने मुख्य चुनाव आयुक्त से की है। इसमें कहा गया है कि श्री नाग ने बालोद जिले के डौंडीलोहारा क्षेत्र में चुनावी सभा के दौरान मतदाताओं से कहा था कि वे कथित रूप से जनसमस्याओं का निवारण तंत्र–मंत्र के जरिये कर सकते हैं। ऐसा कहकर उन्होंने मतदाताओं को प्रलोभन देकर प्रभावित करने का प्रयास किया है।

**कांग्रेस–प्रदर्शन**

आयकर विभाग द्वारा कांग्रेस कमेटी को एक हजार आठ सौ तेईस करोड़ रूपये की पेनाल्टी संबंधी नोटिस देने के मामले में आज प्रदेशभर में कांग्रेस की ओर से विरोध प्रदर्शन किया गया। रायपुर जिले के सकरी में जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष उधोराम वर्मा के नेतृत्व में रैली निकाली गई और विरोध प्रदर्शन किया गया। इसमें पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनिता शर्मा सहित कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

**मतदाता जागरूकता**

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सक्ती जिला प्रशासन द्वारा विकासखंड स्तरीय स्कूटी और बाइक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली में प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के साथ आम नागरिक तथा स्कूल–कॉलेज के विद्यार्थी शामिल हुए।

महासमुंद के मिनी स्टेडियम में आज मतदाता जागरूकता रैली और स्वीप गुड मॉर्निंग महासमुंद का आयोजन किया गया। इस दौरान स्व–सहायता समूह की महिलाएं, स्कूल–कॉलेज के विद्यार्थी, अधिकारी–कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में लोगों ने मानव श्रृंखला बनाई और शत–प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली।

उधर, बीजापुर जिले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत आज बाईक और चारपहिया वाहनों की रैली निकाली गई। इसमें सीआरपीएफ के जवानों, अधिकारी–कर्मचारियों और स्कूल–कॉलेजों के बच्चों ने भाग लिया। इस मौके पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोगों को अनिवार्य रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई। वहीं, पुलिस अधीक्षक डॉक्टर जितेन्द्र यादव ने लोगों से कहा कि वे बिना भय के अपना मतदान करें।

**सीआरपीएफ जवान–घायल**

बस्तर जिले के रतेंगा गांव के पास केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ का वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में ग्यारह जवानों के घायल होने की खबर है। इनमें से चार जवानों को लोहंडीगुड़ा के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया गया है। वहीं, सात जवानों को डिमरापाल मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया है, जहां सभी जवानों की हालत खतरे से बाहर बताई गई है। बताया जाता है कि ये सभी जवान चुनावी ड्यूटी करने के लिए कोंडागांव जा रहे थे।

**कुश्ती/सायकिल पोलो प्रतियोगिता**

गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही जिले के पेंड्रा स्थित हायर सेकेंडरी स्कूल मैदान में अखिल भारतीय कुश्ती दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ के अलावा हरियाणा, पंजाब और उत्तरप्रदेश के पहलवान भाग ले रहे हैं। उधर, नागपुर में खेली जा रही चवालीसवीं नेशनल सायकिल पोलो चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की सभी आयु वर्ग की टीमों द्वारा शानदार प्रदर्शन जारी है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन छत्तीसगढ़ की सीनियर महिला, जूनियर बालक और सब जूनियर बालक टीम ने सेमीफाइनल में शानदार प्रदर्शन किया और फाइनल में अपनी जगह बनाई।

**हल्बी/गोण्डी–समाचार बुलेटिन**

श्रोताओं, कल रविवार को **''हल्बी'' और ''गोण्डी''** बोली में समाचार बुलेटिन प्रसारित किए जाएंगे। ये दोनों बुलेटिन आकाशवाणी केन्द्र, जगदलपुर से प्रसारित किए जाएंगे। इन्हें बस्तर संभाग में सुना जा सकेगा। हल्बी में समाचार बुलेटिन सुबह साढ़े सात बजे से और गोण्डी में समाचार बुलेटिन शाम साढ़े छह बजे से प्रसारित किया जाएगा।

**जिले की चिट्ठी**

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में **''कोरबा''** जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

**मौसम**

मौसम विभाग ने आगामी चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना व्यक्त की है। प्रदेश में एक–दो स्थानों पर आज और कल गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना है।

**संक्षिप्त समाचार**

– आयकर विभाग की टीम ने आज दुर्ग शहर के एक कारोबारी के महेश कॉलोनी स्थित कार्यालय में दबिश दी। यह टीम कार्यालय में देर शाम तक मौजूद रही। इस दौरान टीम के सदस्यों ने जरूरी दस्तावेज जब्त किए हैं।

– राजनांदगांव शहर के केंवटपारा और सतनामी पारा में दूषित पानी पीने से पच्चीस बच्चों के बीमार होने की खबर है। सभी बच्चों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। नगर निगम की ओर से वार्ड में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। वहीं, नगर निगम के अमले ने पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजा है।

– बेमेतरा की सिटी कोतवाली पुलिस ने धोखाधड़ी के मामले में एक निजी बैंक मैनेजर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उस पर खाताधारकों को जानकारी दिए बगैर उनके खाते से करीब साढ़े नौ लाख रूपये निकालने का आरोप है।

– जांजगीर–चांपा जिले के खोखरा गांव स्थित मनकादाई मंदिर में चोरी के मामले में पुलिस ने ओडिशा के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पचास हजार रूपये नगद और दो मोटरसाइकिल बरामद की गई है। इस मामले के दो अन्य आरोपी फरार बताए गए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>